तापमान

अधिकतम 28 डिग्री

न्यूनतम 23 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार 4 अगस्त 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर



4 दूरस्थ क्षेत्रों में विकास की नई मिसाल बना बैकुंठपुर




## खबर संक्षेप

### आवास निर्माण में लापरवाही दो सचिव निलंबित

**अम्बिकापुर।** प्रधान मंत्री आवास योजना कार्य में लापरवाही पर जिपं सीईओ ने दो पंचायत सचिव को निलंबित करने के साथ ही एक को कारण बताओं नोटिस जारी किया है। बताया जा रहा है कि कलेक्टर द्वारा पीएम आवास को लेकर जिपं सभाकक्ष में बैठक ली गई थी। इस बैठक में जनपद पंचायत अंबिकापुर के ग्राम पंचायत पंपापुर में पदस्थ सचिव शम्भूशंकर सिंह बैठक में अनाधिकृत रूप से बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित थे। ग्राम पंचायत में जनमन योजना अन्तर्गत 31 आवास स्वीकृत हैं, जिसमें से एक भी आवास पूर्ण नहीं है। इसी प्रकार जनपद पंचायत सीतापुर के ग्राम पंचायत गेरसा में पदस्थ सचिव मनबहाल राम अनाधिकृत रूप से बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित थे। ग्राम पंचायत में जनमन योजना अन्तर्गत 24 आवास स्वीकृत हैं, जिनमें से केवल 7 आवास पूर्ण है। इससे स्पष्ट होता है कि इन सचिवों के द्वारा शासन की महत्वकांक्षी योजना के क्रियान्वयन में रूचि नहीं ली जा रही है, जो कि कार्य के प्रति लापरवाही को प्रदर्शित करता है। ऐसे में इस लापरवाही के लिए जिपं सीईओ विनय अग्रवाल ने पंचायत सचिव शम्भूशंकर सिंह व मनबहाल राम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही बैठक में समीक्षा के दौरान लुंड्रा के ग्राम पंचायत रघुपुर के आवास प्रगति की समीक्षा के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत में 67 आवास स्वीकृत हैं जिसमें आज दिनांक तक एक भी आवास पूर्ण नहीं है।

### लापरवाही से हुई हाथी के हमले में मौतें

**अंबिकापुर।** हाथियों के हमले में लगातार हो रही मौतों को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव ने बयान जारी किया है। उन्होंने बताया कि सीतापुर देवगढ़ के मोहरलाल की जान हाथियों ने नहीं बल्कि सरकार और वन विभाग की लापरवाही ने ली है। 15 दिनों में हाथियों के कुचलने से 6 लोगों की जान जा चुकी है मगर सरकार और प्रशासन खामोश बैठे हैं। यह चुप्पी भाजपा सरकार की नाकामी और असंवेदनशीलता को उजागर करती है। ग्रामीण रोज़ मौत के साए में जी रहे हैं, मगर किसी अधिकारी या मंत्री को उनकी सुध लेने की फुर्सत नहीं है। हाथियों के आतंक से गांव खाली हो रहे हैं, किसान खेतों में नहीं जा पा रहे, बच्चे स्कूल छोड़ने पर मजबूर हो रहे हैं। सरकार सिर्फ बयानबाजी कर रही है। ग्रामीणों की पीड़ा पर सरकार और वन विभाग की बेरुखी निंदनीय है।

### नशीले इंजेक्शन के साथ ग्रामीण गिरफ्तार

**धौरपुर।** सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि गत दिन धौरपुर क्षेत्र में गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना धौरपुर अंतर्गत अजमल खान एवं बसंत ठाकुर के पास से बड़ी मात्रा में नशीला इंजेक्शन, कफ सिरप एवं टैबलेट जब्त किया था। बसंत ठाकुर के घर की तलाश में 90 नग नशीला इंजेक्शन एवं 215 नग टेबलेट बरामद किया गया था। पूछताछ में बसंत ठाकुर ने बताया कि थाना लुण्ड्रा अंतर्गत गुजरवार निवासी दिनेश ठाकुर उसको नशीले इंजेक्शन, टेबलेट व कफ सिरप देता था। बसंत ठाकुर की सूचना पर आज सुबह दिनेश ठाकुर के घर दबिश दी गई। दिनेश ठाकुर के घर की तलाश में एक सफेद रंग के झोले में 570 नग टेबलेट, 6 नग कफ सिरप,,9 नग इंजेक्शन जब्त किया। आरोपी दिनेश ठाकुर के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 बी, 22 सी के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई। कार्रवाई में मुख्य आरक्षक रमेश दुबे, अशोक सोनी एवं नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह एवं महिला सैनिक राजकुमारी एवं नीरज चौहान सक्रिय रहे।

---

**राजनीति और सामाजिक बदलाव की यात्रा** | चुनाव से लेकर प्रश्न पत्र तक सोनू किन्नर का संघर्ष और सेवा बनीं समावेशी समाज की मिसाल

# परीक्षा के पन्नों तक पहुंची पहचान: ट्रांसजेंडर सरपंच सोनू

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

छग की राजनीति और सामाजिक बदलाव की यात्रा में एक नया अध्याय जुड़ चुका है। समाज के हाशिए पर खड़े माने जाने वाले ट्रांसजेंडर समुदाय की प्रतिनिधि सोनू किन्नर अब शिक्षा व्यवस्था में भी प्रेरणा बनकर उभरी हैं।

शनिवार को आयोजित प्रयोगशाला परिचालक भर्ती परीक्षा में पूछे गए एक प्रश्न ने इस ऐतिहासिक बदलाव को सार्वजनिक रूप से स्वीकार कर लिया। सरकारी प्रश्न पत्र में पूछा गया कि छग की पहली किन्नर सरपंच कौन हैं,इसका सही उत्तर था सोनू किन्नर, जो एमसीबी जिले के चनवारीडांड ग्राम पंचायत से निर्वाचित सरपंच है, इससे यह स्पष्ट हो गया कि समावेशिता अब सिर्फ सामाजिक मंच तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह शिक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक सोच का भी अहम हिस्सा बन चुकी है। परीक्षा में एक अन्य प्रश्न ने सोनू किन्नर के सरपंच कार्यकाल को रेखांकित किया। इसमें पूछा गया कि किस ट्रांसजेंडर सरपंच ने अपने कार्यकाल के दौरान स्वच्छता और महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी। उत्तर फिर से था सोनू किन्नर। यह सवाल न केवल उनके कार्यों को रेखांकित करता है, बल्कि समाज की बदलती मानसिकता को भी दर्शाता है।

### सामाजिक रूढ़ियों के विरूद्ध संघर्ष

सोनू किन्नर का सरपंच बनना केवल चुनावी जीत नहीं था, यह सामाजिक मान्यताओं को चुनौती देने वाली एक सशक्त क्रांति थी। उन्होंने अपने नेतृत्व में गांव में भ्रष्टाचार पर अंकुलश लगाने, स्वच्छता अभियान चलाने, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और पारदर्शी प्रशासनिक कार्य संस्कृति को स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई। उनकी कार्यशैली इतनी प्रभावशाली रही कि उन्हें समाज के सभी वर्गों से भरपूर समर्थन और सम्मान प्राप्त हुआ।



### सोनू बनीं नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा

सोनू किन्नर का नाम सरकारी परीक्षा के प्रश्न पत्रों में आना यह दर्शाता है कि उनका संघर्ष और सेवा भाव आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन गया है। अब यह बदलाव केवल योजनाओं और घोषणाओं तक सीमित नहीं, बल्कि शिक्षा, चयन प्रक्रिया और सामाजिक चेतना तक पहुंच गया है।

### किन्नर समुदाय को मिली नई पहचान और स्वाभिमान

सोनू किन्नर की सफलता सिर्फ उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि ट्रांसजेंडर समुदाय की सामूहिक विजय है। वर्षों तक केवल मांगने या मनोरंजन के दायरे में सीमित माने गए, इस समुदाय को अब नेतृत्व, प्रशासन और विकास में भागीदारी का अधिकार मिल रहा है। उनके चुनाव और अब परीक्षा में उल्लेख ने इस समुदाय के लिए एक नई दिशा और पहचान बनाई है।

---

**चिरमिरी चौक का हाल:** त्यौहारी सीजन में और बढ़ेगा ट्रैफिक दबाव

# नो इंट्री जोन के बावजूद चौक पर लगता है जाम



शनिवार को चिरमिरी चौक में जाम ट्रैफिक।



जाम में फंसकर लोग होते रहे परेशान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

त्यौहारी सीजन की शुरूआत हो गई और शहर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था चरमाने लगी है।

शहरी क्षेत्र में यातायात नियमों का पालन नहीं करने के कारण इन दिनों चौक-चौराहों पर यातायात जाम की स्थिति बनती रहती है। अक्सर अपरान्ह के बाद शहर के चौक-चौराहों में यातायात व्यवस्था बिगड़ती रहती है, इसके चलते वाहन चालकों को जाम में परेशान होना पड़ता है। इसी तरह का हाल शहर में शनिवार को सायं 7 बजे चिरमिरी चौक पर देखने को मिला, जबकि शनिवार को शहर का व्यापार बंद रहता है, इसके बावजूद चिरमिरी चौक पर काफी देर तक जाम की स्थिति बनी रही, तब यातायात व्यवस्था को संभालने के लिए यातायात प्रभारी बीरबल राजवाड़े को भी सड़क पर उतरना पड़ा, इसके कुछ देर बाद जाम को हटाया गया और यातायात सुचारू रूप से शुरू हो सका। उल्लेखनीय है कि शहर के चिरमिरी चौक संकरा चौक है, इस चौर पर बड़ी वाहनों के आवाजाही के दौरान अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है। इस चौक पर चारों ओर से आवाजाही होती है, लेकिन जब किसी ओर से बड़ी वाहनों का आना-जाना होता है तो किसी भी ओर के यातायात को नहीं रोका जाता, इसके चलते कई बार महलपारा की ओर से आने वाली एवं दूसरी ओर से आने वाली बड़ी वाहनों के कारण यातायात जाम की स्थिति बनती है।

शनिवार को महलपारा की ओर से एक वाहन मनेन्द्रगढ़ की ओर मुड रही थी और इसी दौरान मनेन्द्रगढ़ की ओर से एक वाहन चौक के समीप आ गई, जबकि चौक पर छोटे चार पहिया वाहन दोनों ओर आ जाने के कारण बड़ी वाहनों को टर्न करने के लिए पर्याप्त स्थान नहीं मिल पाने की वजह से बड़ी वाहन आगे नहीं बढ़ पा रही थी, इसके चलते कुमार चौक से लेकर भाजपा कार्यालय तक वाहनों की कतार लग गई थी, वहीं महलपारा मार्ग पर भी लंबी कतारे लगी रही। जाम की स्थिति को हटाने के लिए यातायाता पुलिस कर्मियों के अलावा यातायाता प्रभारी सड़क पर उतरे और कुछ देर की मशक्कत के बाद यातायात सामान्य हो सका। विदित हो कि चिरमिरी चौक पर अक्सर जाम की स्थिति बनती रहती है।

### संकरी चिरमिरी चौक पर विशेष ध्यान

शहर के चिरमिरी चौक पर सबसे ज्यादा जाम की स्थिति बनती है। अक्सर अपरान्ह के पश्चात एवं शाम ढलने के बाद जाम सामान्य दिनों के साथ बाजार दिवस बनती है, ऐसे में यातायात पुलिस को महलपारा चिरमिरी चौक व उसके आस पास के क्षेत्रों में विशेष रूप से यातायात ध्यान देने की जरूरत है। जब भी उक्त चौक पर महलपारा की ओर जाने एवं महलपारा के तरफ से बड़ी वाहन आती है तो उसके पूर्व ही बड़ी वाहनों के आवाजाही के लिए स्थान दिलाने की जरूरत होगी, अन्यथा जाम की स्थिति बन जाती है।

### त्यौहारी सीजन में बढ़ जाती है परेशानी

त्योहार का सीजन शुरू हो गया है, इसके चलते शहर के बाजार में भीड़-भाड़ बढ़ने लगी है, ऐसे समय में शहर के प्रमुख जगहों पर अक्सर जाम की स्थिति बनती रहती है, इसके चलते वाहन चालकों के साथ आम लोगों को जाम के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यातायात पुलिस को चाहिए कि शहर क्षेत्र में खासकर भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों के अलावा चिरमिरी चौक पर यातायात व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त व्यवस्था बनाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाने की जरूरत है, ताकि त्यौहारी सीजन में जगह-जगह जाम की स्थिति न बने और इसके चलते आम लोगों को परेशान न होना पडे।

### नो इंट्री अवधि में भी शहर प्रवेश

कोरिया पुलिस द्वारा प्रातः 8 से रात्रि 8 बजे तक किसी भी क्षेत्र से शहर सीमा में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया है, इसके लिए चेर, खरवत चौक भाड़ी में भारी वाहनों के उक्त अवधि में प्रवेश पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने के सूचना बोर्ड लगे हुए हैं बावजूद इसके प्रतिबंधित अवधि में कई दिन बड़ी वाहने शहर क्षेत्र में दौड़ती नजर आती है। शनिवार को चिरमिरी चौक में जाम के दौरान महलपारा मार्ग की ओर से तथा एक मनेन्द्रगढ़ की ओर से ट्रक चौक पर पहुंची थी, जबकि उस दौरान रात्रि 7 ही बजे थे, जबकि रात्रि 8 बजे तक बड़े वाहनों के शहर क्षेत्र में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है। नियम तोड़ने वाले वाहनों पर कार्रवाई करने की जरूरत है।



गिरफ्तार आरोपी।

# पुलिस बनकर दो फर्जी आरोपी कर रहे थे वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- क्रेटा कार से कटघोरा पहुंचे थे ठग, 1000 रूपए की वसूली के बाद भागे

पुलिस बनकर लोगों से वसूली करने वाले दो फर्जी आरोपियों को बैकुंठपुर पुलिस ने सराहनीय तत्परता दिखाते हुए गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई थाना बांगों में दर्ज एक ठगी प्रकरण के तहत की गई, इसमें आरोपियों ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर एक व्यक्ति से 1000 की ठगी की थी।


प्राप्त जानकारी के अनुसार कटघोरा (कोरबा) निवासी जतिन साहू ने थाना बांगों में शिकायत दर्ज कराई कि वह अपने मकान की ढलाई के लिए ट्रैक्टर और मिक्सचर मशीन लेकर पोड़ी उपरोड़ा आया था। 31 जुलाई की शाम लगभग 4:30 बजे, एक क्रेटा कार सीजी 16 सीटी 0427 में सवार तीन अज्ञात व्यक्ति आए और खुद को पुलिसकर्मी बताकर दस्तावेजों की जांच के नाम पर धमकाने लगे। उन्होंने चालान की धमकी देकर 600 फोन पे के माध्यम से और 400 नकद कुल 1000 ले लिए और मौके से फरार हो गए। प्रकरण की सूचना मिलते ही बैकुंठपुर कोतवाली पुलिस सक्रिय हुई। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के मार्गदर्शन में, निरीक्षक विपिन लकड़ा के निर्देशन में सहायक उप निरीक्षक अदीप प्रताप सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम में प्रधान आरक्षक दीपक पांडेय, आरक्षक महेन्द्रपुरी, आरक्षक अमरेशानंद (साइबर सेल) और चालक भगवान दास शामिल रहे। सूचना के आधार पर भॉड़ी चौक के पास घेराबंदी कर उक्त वाहन को पकड़ लिया गया। ⏭ शेष पेज 4 पर

---

# न्यायालय परिसर की टूटी बाउंड्री से अव्यवस्था

- अग्रसेन भवन के सामने गंदे पानी का जमावड़ा

**मनेन्द्रगढ़।** शहर के महत्वपूर्ण प्रशासनिक क्षेत्र में स्थित व्यवहार न्यायालय परिसर के पीछे की बाउंड्री वॉल बीते कई दिनों पूर्व अचानक टूटकर सड़क पर गिर गई, इससे आवागमन में बाधा उत्पन्न हो गई है। इसके साथ ही गिरा हुआ मलबा समीपस्थ नाली में जाकर जमा हो गया, इससे नाली का बहाव रूक गया है और गंदा पानी सड़कों पर फैलने लगा है।



इस स्थिति से रोजमर्रा के राहगीर, विशेषकर बच्चे, महिलाएं और बुजुर्गों को काफी परेशानी हो रही है। सड़कों पर बहता गंदा पानी स्वास्थ्य संकट की आशंका भी बढ़ा रहा है। बाउंड्री वॉल से शुरू हुई यह समस्या अब अग्रसेन भवन परिसर तक पहुंच गई है। नाली का गंदा पानी भवन केसामने तालाब जैसी स्थिति बना चुका है, जिससे भवन में आयोजित होने वाले सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों पर असर पड़ने लगा है। अग्रसेन भवन समिति ने इसे गंभीर चिंता का विषय बताते हुए कहा कि मेहमानों को कीचड़ व गंदगी में चलकर कार्यक्रम स्थल तक पहुंचना पड़ता है, इससे आयोजकों की भी सामाजिक छवि प्रभावित हो रही है। समिति के सदस्यों एवं स्थानीय नागरिकों ने संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से आग्रह किया है कि गिर ⏭ शेष पेज 4 पर

# चौथा सावन सोमवार: सवा लाख पार्थिव शिवलिंग का पूजन आज

**बैकुण्ठपुर।** सवा लाख पार्थिव शिवलिंग का निर्माण पूजन और रूद्राभिषेक देवरहा बाबा सेवा समिति के द्वारा पवित्र सावन मास के चतुर्थ सोमवार 4 जुलाई को देवरहा बाबा सेवा समिति प्रेमाबाग बैकुंठपुर में सवा लाख पार्थिव शिवलिंग का निर्माण और रूद्राभिषेक किया जाएगा। इसमें चित्रकूट धाम से आए आचार्य सुरेशानंद जी महाराज जी के मंत्रों के साथ किया जाना है। सावन के पवित्र मास पर समिति के अध्यक्ष शैलेश शिवहरे ने बताया कि प्रत्येक सावन सोमवार को अखंड रामायण और भोग भंडारा की सेवा एवं बीते तीसरे सोमवार को भव्य कावर यात्रा बेलो की बगिया छुरीगढ़ के लिए निकाला गया। इसमें काफी संख्या में लोगों के द्वारा जल भरकर जलाभिषेक किया गया। इसीक्रम में चौथे और सावन के अंतिम सोमवार को मंदिर प्रांगड़ में सवा लाख पार्थिव शिवलिंग का निर्माण और रूद्राभिषेक का कार्यक्रम किया गया है, जो निरंतर कई वर्षों से किया जा रहा है। समिति के द्वारा सोशल मीडिया और पोस्टर बैनर के माध्यम से भी लोगों को इस कार्यक्रम में आने का आह्वान किया गया है।



### विशेष जलाभिषेक आज

**मनेन्द्रगढ़।** अनवरत हनुमान चालीसा समिति द्वारा परंपरा अनुसार इस वर्ष भी सावन के प्रत्येक सोमवार को भगवान शिव का विशेष पूजन व जलाभिषेक किया गया। अब सावन के अंतिम सोमवार 4 अगस्त को विशेष जिला स्तरीय जलाभिषेक की तैयारियां जोरों पर हैं। कार्यक्रम संयोजक डॉ. रश्मि सोनकर ने जानकारी दी कि सोमवार को प्रातः 5:30 बजे से सिद्धार्थ महिलाएं श्री विजय हनुमान टेकरी में एकत्रित होंगी। यहां से सभी श्रद्धालु महिलाएं भजन-कीर्तन करते हुए लोटे में जल भरकर पदयात्रा द्वारा चैनपुर स्थित श्री नागेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेंगी और शिवलिंग पर जलाभिषेक करेंगी। यह पावन अवसर शिवभक्तों के लिए पुण्य संचय और आध्यात्मिक ऊर्जा से भरने वाला है। सभी श्रद्धालु महिलाओं एवं क्षेत्र के धार्मिकजन से काफी संख्या में उपस्थित होकर इस दिव्य आयोजन को सफल बनाने की अपील की गई है।



---

**देर से परीक्षा केन्द्र पहुंचने वालों को भीतर जाने से रोका गया**

# 4 केन्द्रों में प्रयोगशाला परिचारक बनने 1406 ने दी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

रविवार को व्यापम द्वारा आयोजित प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा शहर के चार परीक्षा केन्द्रों में शांतिपूर्ण संपन्न हुई।

जानकारी के अनुसार उक्त भर्ती परीक्षा में कुल 1592 परीक्षार्थी पंजीकृत थे ,इनमें 1406 ने परीक्षा दी और 186 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा समन्वयक से मिली जानकारी के अनुसार प्रयोशाला परिचारक भर्ती परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्र शासकीय डॉ.रामचंद्र सिंहदेव पीजी कॉलेज बैकुंठपुर में कुल पंजीकृत 480 में 429 उपस्थित रहे तथा 51 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केन्द्र शासकीय आदर्श रामानुज हायर सेकेंडरी स्कूल बैकुंठपुर में पंजीकृत 480 में 416 उपस्थित तथा 64 अनुपस्थित रहे। परीक्षा केन्द्र शासकीय आदर्श कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में पंजीकृत 480 में 431 उपस्थित तथा 49 अनुपस्थित रहे। इसी तरह परीक्षा केन्द्र शासकीय नवीन गर्ल्स कॉलेज बैकुंठपुर में पंजीकृत 152 में 130 उपस्थित एवं 22 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। शहर के सभी परीक्षा केन्द्रों में शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न कर ली गई। उक्त परीक्षा के लिए निर्धारित केन्द्रों परीक्षार्थियों का विशेष जांच के उपरांत प्रवेश दिया गया।







परीक्षा केन्द्र पहुंचे परीक्षार्थी।

### देर से पहुंचने पर कई वंचित

व्यापम द्वारा आयोजित प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा के लिए समय निर्धारित कर दिया गया था, बावजूद कई परीक्षार्थी निर्धारित समय के बाद परीक्षा केन्द्र पहुंचे, जिसके वजह से कई परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित हो गए। व्यापम की परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्र में परीक्षा शुरू होने से दो घंटे पहले केन्द्र पहुंचने के लिए कहा गया था, वहीं परीक्षा शुरू होने के आधे घंटे मुख्य द्वार बंद कर दिए जाने के निर्देश पूर्व में ही दिए गए थे, बावजूद कई लोग देरी से केन्द्र पहुंचते रहे, जिन्हें केन्द्र के भीतर प्रवेश करने से रोक दिया गया।

# जनकपुर में कोरेक्स बना नशे का जहर

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले के सीमावर्ती एवं वनांचल क्षेत्र जनकपुर में इन दिनों कोरेक्स सिरफ नशे के रूप में युवाओं के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। सामान्यतः खांसी की दवा के रूप में उपयोग होने वाला यह सिरप अब यहां नशे का साधन बन गया है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि 13-14 साल के किशोर भी इसकी चपेट में आ चुके हैं।

जनकपुर निवासी मोहन (परिवर्तित नाम), उम्र 18 वर्ष, अब नशे का शिकार हो चुका है। उसने बताया कि पहले दोस्तों के कहने पर एक-दो बार कोरेक्स पी, फिर आदत बन गई। अब दिन में एक बोतल नहीं मिले तो चक्कर, उल्टी और बेचैनी होने लगती है। पढ़ाई छूट गई, घरवाले परेशान हैं, लेकिन अब छुड़ाना आसान नहीं।

### कैसे पहुंच रही है कोरेक्स

स्थानीय मेडिकल दुकानों पर कोरेक्स बिना डॉक्टर की पर्ची के भी आसानी से उपलब्ध है। सूत्रों का कहना है कि कुछ दुकानदारों और असामाजिक तत्वों की मिलीभगत से यह अवैध रूप से गांव-गांव में पहुंच रहा है। मेडिकल अधिनियमों के अनुसार कोरेक्स जैसे कोडीन युक्त सिरप को केवल डॉक्टर की लिखित सलाह पर बेचा जा सकता है, पर यहां खुलेआम कालेधंधा जारी है। जब इस विषय में स्थानीय जनपद जनकपुर के प्रशासनिक अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि हमें शिकायतें मिली हैं। जल्द ⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप



### बिहार चुनाव के पर्यवेक्षक बनाए गए अमरजीत कार्यकर्ताओं के साथ पटना रवाना

**अंबिकापुर।** प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत को बिहार चुनाव के लिए पर्यवेक्षक बनाया गया है। पर्यवेक्षक बनाए जाने के बाद पूर्व मंत्री श्री भगत अपने समर्थकों के साथ बिहार के लिए रवाना हुए। अपने एक सप्ताह के प्रवास के दौरान श्री भगत पटना में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक व रायशुमारी करेंगे। बिहार चुनाव को लेकर श्री भगत के साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री डॉ. लालचंद यादव, पूर्व पार्षद दीपक मिश्रा, उपभोक्ता परिषद के सदस्य अभिषेक सिंह, प्रदेश संयोजक युवा कांग्रेस आदर्श बंसल, दिवाकर दुबे, जवाहर सोनी, कृष्णकांत चौबे, मनोज सोनी, मनीष पांडे सहित अन्य कार्यकर्ता भी बिहार रवाना हुए।

### सरगम फाउंडेशन ने मोहम्मद रफी को किया याद



**लखनपुर।** सरगम फाउंडेशन द्वारा मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मो.रफी की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। साईं सरगम के प्रमुख शिवराज सिंह, भवहीं कैलाश चौधरी, राम नगेशिया, भूपेंद्र जायसवाल, रितेश दफ्तवार, नवनीत ने उन्हें श्रध्दा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम के दौरान नगर वासियों को पहली बार एक नया प्लेटफार्म दिखा जहां संगीत प्रेमियों ने उनके नगमों को सुनाया। इस दौरान सेवानिवृत्ति बीईओ सुरेश जयसवाल, शंकर सोनी, दिनेश गुप्ता, दिनेश बारी, विद्यालय सागर चौधरी, दिनेश साहू, रमेश जायसवाल, शहाबुद्दीन खान, सचिन अग्रवाल, प्रदीप गुप्त, यतेंद्र पाण्डेय, राजेंद्र जायसवाल, शैलेंद्र गुप्त, सुदामा सिंह, देवराज सिंह, अशोक पांडेय, कुलदीप अग्रवाल, लक्ष्मण रजवाड़े सहित अन्य मौजूद थे।

### पट्टाधारी ग्रामीण पर जमीन खाली करने का दबाव, प्रशासन से शिकायत



लखनपुर। कथित रूप से पट्टाधारी ग्रामीण को वन भूमि से बेदखल करने का आरोप लगा है। ग्रामीण ने जमीन खाली करने को लेकर बनाए जा रहे दबाव की शिकायत प्रशासन से करते हुए मदद की गुहार लगाई है। आरोप है की गाम बंधा में ठाकुर राम लोहार को जीविकोपार्जन के लिए शासन की ओर से वन भूमि का पट्टा दिया गया है। उक्त भूमि पर ग्रामीण 50 वर्षों से काबिज है और खेतीबाड़ी कर अपना जीवन यापन कर रहा है लेकिन अब वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी उक्त पट्टे की भूमि को वन भूमि बताकर जमीन खाली करने का दबाव बना रहे है। वहीं परिक्षेत्र अंतर्गत शोयदा व वन विभाग कार्यालय परिसर में ही अवैध रूप से कब्जा किया गया लेकिन वन भूमि पर अवैध कब्जा करने वालो पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत विभाग से की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। ऐसे में उन्होंने शासन प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

### सीआईएल के पेंशनधारकों को नया पीवीसी मेडिकल कार्ड होगा जारी

बिश्रामपुर। कोल इंडिया अंतर्गत पेंशन योजना से जुड़े सभी लाभार्थियों के लिए कोल मुख्यालय कोलकाता ने नई पहल की है, इसके तहत योजना से जुड़े सदस्यों के लिए नए पीवीसी मेडिकल कार्ड जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।यह कार्ड न केवल अधिक टिकाऊ और पोर्टेबल होगा,बल्कि इसमें लाभार्थी से संबंधित सभी जरूरी चिकित्सकीय जानकारी भी डिजिटल फॉर्मेट में संलग्न रहेगी, इस सुविधा का लाभ लेने के लिए पेंशन योजना से जुड़े सभी सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं उनके पति/पत्नी को कुछ आवश्यक दस्तावेज 1 से 31 अगस्त के भीतर भेजने होंगे,इन दस्तावेजों को ईमेल या व्यक्तिगत रूप से कोल इंडिया मुख्यालय में जमा किया जा सकता है, बताया जा रहा है कि कार्डधारकों के लिए यह पीवीसी मेडिकल कार्ड से मेडिकल सुविधाओं में तेज और सटीक पहचान हो सकेगी,कार्ड की लंबी उम्र और मजबूती और पुरानी कागजी कार्ड प्रणाली से छुटकारा मिल जाएगा, डिजिटल स्वास्थ्य डाटा तक बेहतर तरीके से पहुंच सकेगा, यह पहल न केवल कोल इंडिया के सेवानिवृत्त कर्मियों के लिए सम्मानजनक रहेगी,बल्कि भविष्य में स्वास्थ्य सेवाओं की प्रक्रिया को और भी सरल एवं पारदर्शी बनाएगी।

### केन्द्रीय जेल में आठ दिवसीय शिविर का समापन

**अम्बिकापुर।** केन्द्रीय जेल में चल रहे आठ दिवसीय प्रीजन प्रोग्राम का समापन अधीक्षक अक्षय राजपूत, श्री वाजपेई एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति में किया गया। शिविर में 177 प्रतिभागी शामिल हुए जिन्हें आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ शिक्षक अजय तिवारी ने योग, प्राणायाम, सुदर्शन क्रिया, ध्यान और जीवन को तनाव मुक्त जीने की प्रक्रिया सिखाई। अंतिम दिन प्रतिभागियों ने अपना अनुभव साझा किया तथा शिविर से शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभ मिलने और प्रतिदिन योग-प्राणायाम का अभ्यास करने की बात कही।

### टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद डेढ़ साल से किया जा रहा भूमि आवंटन का इंतजार

# भूमि के अभाव में अटकी संकटग्रस्त गांवों की खैरबार समूह जल प्रदाय योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

**खास बात**

- 6 महीने पूर्व होना था निर्माण पूरा, वनभूमि पर दर्जनों ग्रामीणों का अवैध कब्जा

भूमि उपलब्ध नहीं होने के कारण संकटग्रस्त गांवों में पेयजल आपूर्ति के लिए स्वीकृत खैरबार समूह जल प्रदाय योजना का निर्माण अटक गया है। शासन की सख्ती के बाद वन विभाग द्वारा खैरबार स्थित वनभूमि में स्थल का चिन्हांकन किया गया है। विभाग के अधिकारी भूमि आवंटन प्रक्रियाधीन होने एवं निकट भविष्य में भूमि उपलब्ध होने का दावा कर रहे हैं।



शासन ने जल जीवन मिशन के तहत गांव-गांव एवं घर-घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। योजना के तहत गांव-गांव में पानी टंकी का निर्माण एवं पाइप लाइन का विस्तार किया जा रहा है। जबकि 50 से अधिक गांवों में निर्माण पूरा कर घर-घर पानी भी उपलब्ध कराया जा रहा है। सरगुजा में कई गांव ऐसे भी हैं जहां भू-गर्भ में पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं है या फिर भविष्य में जल संकट की स्थिति निर्मित हो सकती है ऐसे गांवों में समूह जल योजना के माध्यम से पेयजल उपलब्ध करानें का निर्णय लिया गया है। योजना के तहत स्वीकृत चार समूह जल प्रदाय योजनाओं से तीन का निर्माण प्रारंभ हो गया है लेकिन खैरबार समूह जल प्रदाय योजना के लिए अब तक भूमि उपलब्ध नहीं होने के कारण योजना का क्रियान्वयन अटका पड़ा है। ग्राम खैरबार का बड़ा इलाका वनभूमि का क्षेत्र है। गांव में लगभग 200 हेक्टेयर खाली वनभूमि उपलब्ध है। वन भूमि के बड़े क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण भी है लेकिन समूह जल प्रदाय योजना के लिए पीएचई को भूमि उपलब्ध नहीं हो पा रही है। अधिकारियों का कहना है कि वे लम्बे समय से इसके लिए पहल कर रहे हैं लेकिन वन अधिकारी स्थिति की गंभीरता को नहीं समझ रहे है। शासन की सख्ती के बाद विभाग के अधिकारियों ने वन अधिकारियों को स्थिति से अवगत कराया तो डीएफओ श्री जोगावत ने इसके लिए तत्काल कारगर पहल करने का आश्वासन दिया। बताया जा रहा है कि एक पखवाड़े पूर्व वन एवं पीएचई के अधिकारियों ने क्षेत्र का भ्रमण कर स्थल का चयन किया। वन विभाग द्वारा भूमि आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। योजनान्तर्गत पीएचई द्वारा बड़ी पानी टंकी एवं 7 एमएलडी क्षमता के जल शोधन संयत्र का निर्माण किया जाएगा तथा पाइपलाइन विस्तार कर विभिन्न 32 गांवों की टंकियों को भरा जाएगा। विभाग द्वारा योजना के निर्माण के लिए एक साल पूर्व ठेकेदार नियुक्त किया गया था तथा 27 फरवरी 2025 तक निर्माण पूरा करने की अवधि तय की गई थी लेकिन जगह उपलब्ध नहीं होने के कारण अभी तक निर्माण प्रारंभ भी नहीं हो सका है।

#### 32 गावों में होगी पानी की आपूर्ति

खैरबार समूह जल प्रदाय योजना में से विधानसभा क्षेत्र अम्बिकापुर, लुण्ड्रा एवं भटगांव के विभिन्न 32 गांवों को शामिल किया गया है। जल-जीवन मिशन के तहत इन गांवों में पानी टंकी का निर्माण एवं घर-घर पाइपलाइन विस्तार का कार्य पूर्व में ही पूरा कर लिया है। योजना के माध्यम से लुण्ड्रा तहसील के सर्वाधिक 27 गांवों में पानी की आपूर्ति की जाएगी। लुण्ड्रा तहसील के अधिकांश गांवों में आवश्यकता के अनुरूप पानी उपलब्ध नहीं है। कुछ गांवों में तो जगह-जगह ट्यूबवेल खनन कराने के बावजूद पानी उपलब्ध नहीं हो सका है। समूह जल योजना प्रारंभ होने के बाद इन गांवों में हर मौसम में पर्याप्त पेयजल उपलब्ध होगा। योजना के माध्यम से ग्राम अजिरमा, असोला, बखना खुर्द, बलसेड़ी, भफौली, भगवानपुर खुर्द, भकुरा, भिट्टी कला, बढ़नी झरिया, चठिरमा, देवगढ़, डिगमा, घंघरी, रूखपुर, कंचनपुर, हसुली, करमहा, खैरबार, खलीबा, किसुन नगर, कोलडीहा, मलगवां खुर्द, रामनगर, मेंड्राकला, चिखलाडीह, नर्मदापारा, परसा, रजपुरी खुर्द, रनपुर खुर्द, सकालो, सरगवां, सोनपुरकला में पानी की आपूर्ति की जाएगी। योजना के क्रियान्वयन में हो रही लेट लतीफी एवं ग्राम खलीबा, सरगवां, बलसेड़ी एवं कोलडीहा में जल संकट की स्थिति निर्मित होने से संबंधित एक जनहित याचिका उच्च न्यायालय में विचाराधीन है।

#### बांकी डेम का पानी होगा उपयोग

खैरबार समूह जल प्रदाय योजना के तहत विभिन्न गांवों में बांकी बांध का पानी फिल्टर कर पाइप लाइन के माध्यम से आपूर्ति किया जाएगा। फ्लोटिंग पॉट्रन के माध्यम से खैरबार स्थित फिल्टर प्लांट तक बांकी बांध तक लाया जाएगा तथा पानी को स्वच्छ कर बड़ी टंकी को भरा जाएगा। बड़ी टंकी के पानी से गांव की टंकियों को भरा जाएगा तथा घर-घर पानी की आपूर्ति की जाएगी। शासन द्वारा योजना के लिए 6125.80 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है जबकि विभाग ने ठेकेदार को 5144.39 लाख का कार्यादेश दिया है।

#### भूमि मिलते ही शुरू होगा निर्माण

वन विभाग से लम्बे समय से योजना के लिए भूमि की मांग की जा रही है। हाल ही में वन मण्डलाधिकारी की उपस्थिति में स्थल का निरीक्षण किया गया है। वन मण्डलाधिकारी ने शीघ्र आवंटन की प्रक्रिया पूरी कर भूमि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। भूमि उपलब्ध होते ही निर्माण प्रारंभ कराया जाएगा।

-**एसके सिन्हा**, ईई, पीएचई

## सूरजपुर जिले के लिए विकास हेतु 26 करोड़ की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

सूरजपुर जिले में आधारभूत संरचना के विकास को नया आयाम मिलने जा रहा है। महिला एवं बाल विकास मंत्री तथा भटगांव विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के प्रयासों से लोक निर्माण विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कुल 26 करोड़ 3 लाख रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। इस राशि से जिले में महत्वपूर्ण सड़कों और पुलों का निर्माण किया जाएगा, जिससे क्षेत्र की कनेक्टिविटी और आर्थिक विकास को नई रफ्तार मिलेगी।

प्रमुख स्वीकृत कार्यों में जिले के सिलपल्ली एनएच 43 से महेशपुर-लटोरी रोड तक 5.80 किलोमीटर सड़क चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण निर्माण कार्य शामिल है, जिसकी लागत 1269.90 लाख रूपये है। इसी प्रकार भवरखोल से गंगापुर-कुम्पी तक 5.10 किलोमीटर लंबाई के पुल पुलिया सहित निर्माण को स्वीकृति दी गई है जिसकी लागत 729.51 लाख रूपए और विकासखंड ओडगी के मुख्य मार्ग चोंगा से भोडवानीपारा-मौहारीपारा तक कुल 4.20 किलोमीटर लंबाई के पुल पुलिया सहित निर्माण के लिए 604.03 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इन कार्यों के स्वीकृत होने पर मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से सूरजपुर जिले के ग्रामीण अंचलों में आवागमन सुगम होगा और स्थानीय लोगों को यातायात की बेहतर सुविधा मिलेगी।

साथ ही व्यापार और कृषि से जुड़ी आर्थिक गतिविधियों को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार विकास के हर वादे को धरातल पर उतारने का कार्य कर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। इन परियोजनाओं से जुड़े निर्माण शीघ्र शुरू किए जाएंगे, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे और क्षेत्रीय विकास को नई दिशा मिलेगी।

### किसानों को प्रदान की गई सम्मान निधि योजना से आर्थिक सहायता राशि



**शंकरगढ़।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत पात्र किसानों को 2 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल माध्यम से प्रदान की गई। यह कार्यक्रम जनपद पंचायत शंकरगढ़ में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जनपद उपाध्यक्ष प्रियवंदा सिंहदेव, अमीन साय कृषि सभापति, तिलासाय जनपद सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान भी ऑनलाइन माध्यम से वर्चुअल रूप से उपस्थित रहे। साथ ही कृषको रामतील का बीज भी प्रदान किया गया।

### प्रोत्साहन कप फुटबाल स्पर्धा में दूसरे दिन जयनगर व कंदरई स्कूल की टीम ने जीते मैच

**बिश्रामपुर।** नगर के एकता स्टेडियम में आयोजित प्रोत्साहन कप फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन कंदरई व जयनगर की टीम ने अपने मैच लिए हैं,आयोजन समिति के शशि नान्हू ने बताया कि विद्यालय स्तरीय प्रोत्साहन कप फुटबाल स्पर्धा के दूसरे दिन स्वामी आत्मानंद स्कूल बिश्रामपुर एवं शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कंदरई के मध्य खेला गया,जिसमें शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कंदरई की टीम 2-0 से विजयी रही,इसमें मैन ऑफ द मैच कंदरई के विवेक रहे।दूसरा मैच स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय जयनगर व ज्ञान सागर लटोरी के मध्य खेला गया, जिसमें स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय जयनगर की टीम ने 1-0 के अंतर से मैच जीत लिया है।मैन ऑफ द मैच का खिताब जयनगर के तरुण को दिया गया।मैच रेफरी की भूमिका में सुरेश, लव, अंकुश, रूपेश, रोहित, भुवन, रॉकी, बाबा सक्रिय रहे।आज शनिवार को हुए मैच के मुख्य अतिथि के रूप में नपं बिश्रामपुर के वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद अमरेश प्रसाद उपस्थित रहे।

### लोकतंत्र सेनानी परिवारों को अंत्येष्टि के लिए 25 हजार की सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिश्रामपुर

देश में आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए जेल की यातनाएं झेलने वाले लोकतंत्र सेनानियों के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है, आपातकाल के समय लोकतंत्र की मशाल जलाए रखने वाले इन सेनानियों को अब उनकी मृत्यु के उपरांत राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि और 25 हजार रुपए की सहायता राशि उनके परिजनों को दिए जाने का निर्णय छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लिया गया है,ज्ञात हो कि राज्य मंत्रिमंडल द्वारा 16 अक्टूबर 2024 को लिए इस निर्णय के अनुसार लोकनायक जयप्रकाश नारायण के तहत राजनीतिक या सामाजिक कारणों से निरुद्ध रहे सेनानियों को सम्मान देने हेतु वर्ष 2008 में बनाए गए नियम में संशोधन कर यह नई सुविधा जोड़ी गई है। लोकतंत्र सेनानी संघ छत्तीसगढ़ के प्रांतीय सचिव बिश्रामपुर निवासी कुलवंत सिंह ने इस फैसले पर सरकार का आभार जताते हुए कहा कि यह सिर्फ आर्थिक सहायता नहीं,बल्कि एक सांस्कृतिक और नैतिक कर्ज को चुकाने जैसा कार्य है।उन्होंने कहा कि इससे न केवल जीवित सेनानियों का मनोबल बढ़ेगा, बल्कि उनके परिवारों को यह महसूस होगा कि उनका बलिदान व्यर्थ नहीं गया।उन्होंने विशेष रूप से अखिल भारतीय लोकतंत्र सेनानी संघ के उपाध्यक्ष सच्चीदानंद उपासने को धन्यवाद ज्ञापित किया है,जिनके सतत प्रयासों से लोकतंत्र सेनानियों को लगातार सम्मान, सुविधाएं और पहचान मिल रही है।

## घाट पेंडारी मुख्य मार्ग पर पलटा ट्रेलर, वाहनों की लगी लंबी कतार

- घंटो जाम रहा मार्ग, लोग परेशान

**प्रतापपुर।** डेंजर जॉन बना घाट पेंडारी घाट में वाहनों के दुर्घटना गस्त होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। आए दिन लोगों की मौत और हादसा होते रहते है। आज सुबह टैंकर जहां खाई में गिर गई वहीं सड़क पर ट्रेलर के पलट जाने से मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई जिससे घंटो जाम लगा रहा।

प्रतापपुर-अंबिकापुर बनारस मुख्य मार्ग का यह सड़क मार्ग काफी व्यस्ततम मार्ग में एक है7 पहाड़ी क्षेत्र से गुजरने तथा घाट कटिंग सही से नहीं होने के कारण लंबी चढ़ाई और घुमाऊ दार रास्ता होने के कारण वह नए-नए चालक के लिए काफी खतरनाक है।

आज सुबह चालक की लापरवाही से घाट भंडारी के खाई में टैंकर गिर गई, वहीं मुख्य मार्ग पर ट्रेलर पलट जाने के कारण घाट पेंडारी मार्ग में सुबह 8 बजे से जाम लग गई। सड़क के दोनों ओर छोटे-बड़े वाहनों की लंबी कतारें लग गई। लगभग 10 घंटा तक लोग जाम में फंसे रहे। दोनों ओर लगभग 20 किलोमीटर का लाइन लग गया। जिससे लोग परेशान होने लगे। यात्री बस के जाम में फंस जाने से यात्री लगेज व सामान लेकर परेशान होते रहे। वाहनों की लंबी कतार लग जाने की जानकारी प्राप्त होने के पुलिस बल मौके पर रवाना हुई। सड़क पर पलटे हुए ट्रेलर को घाट के बीचो-बीच से हटाने के लिए वहां पहुंचने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। इधर करीब 10 घंटा से जाम में फंसे रहे यात्री पैदल ही प्रतापपुर पहुंचे।



### आयुष स्वास्थ्य शिविर में 345 लोगों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनगरा

ब्लॉक स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला ग्राम दुरती मे आयोजित किया गया। आयुष स्वास्थ्य शिविर में 345 रोगियों की जांच की गई तथा दवा वितरण किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक श्रीमति शकुंतला सिंह पोर्ते ने कहा कि आयुर्वेदिक दवाइयों से कोई साइड इफ़ेक्ट नहीं होता और बीमारियों को जड़ से ख़त्म करने की क्षमता है। उन्होने , सभी को आयुर्वेद चिकित्सा कराने की बात कही। सभी अपने अपने जीवन शैली में बदलाव लाने एवं छोटे रोगों सर्दी खासी से लेकर गैर संचारी रोगों बीपी, डायबिटीज और कैंसर जैसे गंभीर रोगों के उपचार आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से बिना किसी साइड इफ़ेक्ट से कराना संभव हो रहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य रहने के लिए हमें आयुर्वेद को शुरुआत से ही अपने खान पान में शामिल कर अपने जीवन शैली में बदलाव करने के साथ साथ प्रतिदिन योग करना चाहिए। उन्होंने शिविर में आयोजित स्कूली बच्चों द्वारा औषधि पौधों के स्टॉल एवं पोस्टर के माध्यम से प्रदर्शिनी का अवलोकन कर आयोजन समिति की सराहना की। दुरती हायर सेकेंडरी स्कूल के 11 वीं 12वीं के स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा स्वागत नृत्य के साथ मनमोहक प्रस्तुति दी।



छात्रों द्वारा आयुर्वेद के विभिन्न विषयों के तहत पोस्टर, औषधि पौधों की प्रदर्शनी करते हुए औषधियों की उपयोगिता के बारे में अतिथियों एवं ग्रामीणों को जानकारी दी। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान वालों को अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र एवं उपहार से पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया।

### अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की गई जान

**अम्बिकापुर।** बाइक की टक्कर एवं बाइक के अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिरने की अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बाग बहार अंतर्गत ग्राम कोकरी चोली निवासी सूरज कुमार यादव आ. इंदल साय (19 वर्ष) 31 जुलाई की शाम को पत्थलगांव से संदीप व पवन के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही रात 9.30 बजे ग्राम लझिया पारा चौक के समीप पहुंचे तभी बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गए। दुर्घटना में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पत्थलगांव अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने संदीप को मृत घोषित कर दिया जबकि सूरज की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां देर रात चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया वहीं घायल पवन का स्थानीय अस्पताल में उपचार जारी है। वहीं दूसरी घटना में केदमा पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम बनकेसमा निवासी सुखनी बाई पति चंदर किशोर कोरवा (35वर्ष) पिछले कुछ दिनों से परिवार के साथ सकालो बंगाली पारा में किराए के घर में रह रही थी। बीती रात 8 बजे हैंडपंप में पानी लेने जा रही थी। तभी बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। परिजन महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### सीएम मशीन ब्रेक डाउनः सुधार कार्य में लग रहे अतिरिक्त समय, उत्पादन में आई भारी गिरावट

## गायत्री खदान स्थित गैंनवेल कंपनी के इंजीनियरों के काम छोड़ने से मशीन का काम हुआ प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर के गायत्री खदान में सीएम मशीन के समय-समय पर ब्रेक डाउन हो जाने के कारण खदान का कोयला उत्पादन में गिरावट आ रही है।बता दें कि वर्ष 2023 जनवरी में इस खदान से कोयला उत्पादन का जिम्मा एसईसीएल ने निजी कोयला उत्खनन कंपनी कोलकाता की गैंनवेल प्राइवेट लिमिटेड को डेढ़ दशक का अनुबंध कर कोयला उत्पादन का कार्य सौंपा गया है। निजी कंपनी द्वारा आधुनिक तकनीक कंटिन्यूअस माइनर मशीन के जरिए जनवरी 2023 से यहां कोयला उत्खनन का कार्य शुरू किया था।





शुरुआत में नई मशीन और कुशल इंजीनियरों की देखरेख में कोयला उत्खनन का कार्य आरंभ हुआ और यह खदान बिश्रामपुर क्षेत्र की इकलौती खदान थी जिसने सलाना उत्पादन लक्ष्य आठ लाख अस्सी हजार टन कोयला उत्पादन कर लक्ष्य प्राप्त कर लिया था।अब सीएम मशीन स्थापना के दो वर्ष हो चुके हैं,ऐसे में मशीन पुरानी होने के साथ कंपनी के कुशल इंजीनियरों की पूरी टीम जिसमें 22 इंजीनियर शामिल थे जो हाल ही में गैंनवेल कंपनी को छोड़ ऊँचे दर के सालाना पैकेज में दूसरी अन्य कंपनी को ज्वाइन कर लिया है।बताया जाता है कि 22 इंजीनियरों की जो कार्य में दक्ष टीम थी उसके चले जाने के बाद गायत्री खदान की सीएम मशीन के ब्रेक डाउन हो जाने के दौरान सुधार कार्य में काफी समय लग जाने के कारण अतिरिक्त विलम्ब से इसका सीधा प्रभाव खदान के कोयला उत्पादन पर पड़ा है।वर्तमान में गायत्री खदान से महज 1800 से 2000 टन ही कोयला उत्पादन हो रहा है, पूर्व में यही खदान 3500 टन या उससे अधिक कोयला उत्पादन रोजाना कर लेती थी।गत वर्षों के मुकाबले गायत्री खदान से कोयला उत्पादन में आई गिरावट से प्रबंधन और निजी कंपनी दोनों परेशान हैं।

वर्तमान में इस खदान में दो सीएम से कोयला उत्खनन का कार्य किया जा रहा है।बता दें कि वर्तमान में जून के मध्य से शुरू हुई बारिश पूरे जुलाई में तेज और सामान्य वर्षों के अपेक्षा में बारिश अधिक होने से ओपन कास्ट खदानों में इसका सीधा असर हुआ है।ओपन कास्ट खदान में जहां कोयला उत्पादन बुरी तरह प्रभावित हूआ है जिससे क्षेत्र का उत्पादन का ग्राफ नीचे गिर गया है,बिश्रामपुर क्षेत्र में दो ओपन कास्ट सरगुजा जिले की अमेरा खुली खदान व सूरजपुर जिले की आमगांव ओपन कास्ट परियोजना संचालित है।कोल इंडिया की पहली एमडीओ माइन केतकी भूमिगत परियोजना की हालत अब धीरे धीरे सुधरने लगी है,यहां भी निजी कोयला खनन कंपनी संचेती माइनिंग ग्रुप एसएमएस द्वारा लगातार कोयला उत्पादन बढ़ाने जोर शोर से प्रयास किया जा रहा है और पहले के मुकाबले कोयला उत्पादन भी बढ़ा है। बिश्रामपुर महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह ने बताया कि कुमदा 7-8 खदान में डी वाटरिंग शुरू किया गया है,पानी सुखा लेने के बाद यहां कोयला उत्पादन शीघ्र शुरू होने के उम्मीद है जबकि बलरामपुर खदान के सीटीओ के लिए पब्लिक हियरिंग जन सुनवाई के लिए प्रक्रिया जारी है।बारिश के कारण क्षेत्र का कोयला उत्पादन प्रभावित हूआ है, बारिश के मौसम के बाद कोयला उत्पादन पूरी गति के साथ शुरू किया जायेगा।



# 'सन ऑफ सरदार 2' में रोहित शेट्टी को देख झूम उठे दर्शक

**मुंबई।** पिछले काफी समय से दर्शकों को अजय देवगन की फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' का इंतजार था। अब आखिरकार 1 अगस्त को यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म को समीक्षकों के साथ-साथ दर्शकों की तरफ से बढ़िया प्रतिक्रिया मिल रही है, जिससे कयास लगाए जा रहे हैं कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन करेगी। 'सन ऑफ सरदार 2' में लोकप्रिय निर्देशक रोहित शेट्टी ने कैमियो किया है, जिसकी पहले किसी को खबर नहीं थी। 'सन ऑफ सरदार 2' में रोहित को देखकर दर्शक खुशी से झूम उठे। फिल्म में उनका कुछ सेकंड का ही कैमियो है। कहा जा रहा है कि इसी के साथ रोहित और अजय ने फिल्म 'गोलमाल' की पांचवीं किस्त का आधिकारिक ऐलान कर दिया है।

## लाइफ Style

# जाह्नवी

जल्द ही कई नई जोड़ियां फिल्मों में नजर आएंगी। इन्हीं में से एक है सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर की जोड़ी, जो फिल्म 'परम सुंदरी' में दिखने वाली है। यह पहले बीती 25 जुलाई को रिलीज होने वाली थी।

## 'परम सुंदरी' की नई रिलीज तारीख जारी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अजय देवगन की फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' से बचने के लिए फिल्म को रिलीज टाल दी गई। हालांकि, ये नहीं बताया कि फिल्म पर्दे पर कब आएगी और अब इसकी नई रिलीज तारीख का ऐलान भी हो गया है। दिनेश विजान के प्रोडक्शन हाउस मैडॉक फिल्म्स के बैनर तने बनी यह फिल्म अब 29 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

प्रोडक्शन हाउस की ओर से सोशल मीडिया पर जारी किए गए फिल्म के नए मोशन पोस्टर के साथ-साथ इसकी रिलीज का ऐलान हुआ है। पोस्ट में लिखा है, 'दिनेश विजान आपके लिए लेकर आ रहे हैं साल की सबसे बड़ी प्रेम कहानी 'परम सुंदरी'। यह 29 अगस्त को सिनेमाघरों में आ रही है।' 'परम सुंदरी' का टीजर मई में आया था। इसमें सिद्धार्थ को उत्तर भारत के लड़के परम और जान्हवी को साउथ की लड़की सुंदरी के रूप में दिखाया गया था। टीजर में सोनू निगम की आवाज में गाने की कुछ लाइनें भी सुनने को मिली थीं। इस टीजर को काफी पसंद किया गया था। इसके सामने आने के बाद फैंस फिल्म के लिए उत्साहित हो उठे थे। हालांकि, अभी इसके पर्दे पर आने के लिए थोड़ा और इंतजार करना होगा।



## हॉलीवुड मसाला

# एक हफ्ते में सिमटी कमाई...



**लॉस एंजिल्स।** एक्शन, एडवेंचर से भरपूर हॉलीवुड फिल्म 'द फैंटास्टिक फोर' को भारत में शुरुआती दिनों में अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। लेकिन एक हफ्ता पूरा होते ही इस फिल्म की कमाई लाखों में सिमट कर रह गई है। जानिए, आज मार्वल स्टूडियोज की इस सुपरहिट फ्रैंचाइज फिल्म ने कितना कलेक्शन किया है। शुरुआती आंकड़ों के अनुसार फिल्म 'द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप' ने 7वें दिन 46 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। फिल्म का कुल कलेक्शन अब तक 26.35 करोड़ रुपये हो चुका है।



# छह साल बाद 'ड्यून पार्ट 3' के लिए बदला लुक...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार जेसन मोमोआ ने छह साल बाद पहली बार अपनी दाढ़ी बनवाई है। उन्होंने यह सब अपनी आगामी फिल्म 'ड्यून: पार्ट थ्री' के लिए किया है। आगामी सीक्वल की शूटिंग शुरू होते ही जेसन अपने डंकन इडाहो के कैरेक्टर में वापस आ गए हैं। वीडियो में ड्यून के निर्देशक डेनिस को संबोधित करते हुए जेसन ने कहा, 'सिर्फ तुम्हारे लिए डेनिस'। उन्होंने अपनी दाढ़ी पर क्लिपर लगाने के बाद अपनी हॉफ बियर्ड वाले चेहरे पर हाथ रखते हुए कहा कि हे भगवान, मुझे इससे नफरत है। फ्रैंक हर्बर्ट की किताबों में डंकन का किरदार एक क्लोन के रूप में वापस आता है। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि फिल्म में भी डंकन का किरदार उसी तरह से वापस आएगा या किसी और तरीके से वापसी करेगा।



# हवाई अड्डे पर पैपराजी पर भड़कीं रिया


**मुंबई।** अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती का एक वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। रिया को हाल ही में मुंबई हवाई अड्डे पर देखा गया, जहां पैपराजी ने उन्हें घेर लिया और कुछ तस्वीरें खिंचवाने का आग्रह किया। इसके बाद रिया ने मुस्कुराते हुए तस्वीरें खिंचवाने के लिए पोज दिया। हालांकि, इस दौरान वह अच्छे मूड में नहीं थीं और वह तमाम पैपराजी पर भड़क गईं। रिया वीडियो में पैपराजी को डांटती नजर आ रही हैं। रिया ने पैपराजी से कहा, अब मेरे पीछे मत आओ। मैंने तस्वीरें दे दी हैं, बाय। इसके बाद वह तुरंत वहां से चली गईं। इस वीडियो पर प्रशंसक तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक ने लिखा, 'कितना घमंड है।' एक अन्य ने लिखा, 'भाई तुम लोगों का इतना दिन खराब हो गया कि इसे भाव देते हो।'



# द राजा साब की रिलीज एक बार फिर टली

**मुंबई।** अभिनेता प्रभास पिछले काफी समय से फिल्म 'द राजा साब' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। उनकी यह हॉरर कॉमेडी फिल्म पहले इस साल 10 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी, लेकिन बाद में इसे 5 दिसंबर, 2025 के लिए टाल दिया गया। अब खबर आ रही है कि 'द राजा साब' के लिए दर्शकों को थोड़ा और इंतजार करना पड़ सकता है। दरअसल, निर्माताओं ने एक बार फिर फिल्म की रिलीज टाल दी है। 'द राजा साब' को अब अगले साल संक्रांति के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। इस लिहाज से यह फिल्म 9 जनवरी, 2026 को दर्शकों के बीच आएगी। अगर निर्माताओं ने 'द राजा साब' की रिलीज को टाला तो बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का सामना रणवीर सिंह की 'धुरंधर' और शाहिद कपूर की 'रोमियो' से नहीं होगा।

## टीवी मसाला



# 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो 3' में पति राघव संग आएंगी परिणीति

**मुंबई।** कॉमेडियन कपिल शर्मा के कॉमेडी शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का तीसरा सीजन पहले दिन से ही दर्शकों का खूब मनोरंजन कर रहा है। इस शो के नए एपिसोड का दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार करते हैं। अब 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो 3' का नया प्रोमो वीडियो सामने आ गया है। शो में नए एपिसोड में अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा अपने पति और आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा के साथ नजर आने वाली हैं। द ग्रेट इंडियन कपिल शो 3' के नए प्रोमो में परिणीति और राघव शो के होस्ट कपिल के साथ खूब मस्ती और बातचीत करते नजर आ रहे हैं। नेटफ्लिक्स ने प्रोमो साझा करते हुए लिखा, 'हंसी की सेंसेशंस होगी हर बार, क्योंकि राघव चड्ढा और परिणीति चोपड़ा आ रहे हैं इस फनीवार।' 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो 3' के इस एपिसोड को आप 2 अगस्त को रात 8 बजे ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

## 'क्योंकि सास...' के नए सीजन में पुराने कलाकारों की कमी दर्शकों को खली


एकता कपूर के सबसे लोकप्रिय धारावाहिकों में से एक 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के दूसरे सीजन का शानदार आगाज हो गया है। इस शो के अब तक 2 एपिसोड टेलीकास्ट हो गए हैं, जिसे देखकर दर्शकों की पुरानी यादें ताजा हो गईं। करीब 25 साल बाद स्मृति ईरानी एक बार फिर तुलसी बनकर लौटी हैं। हालांकि, इस बार कुछ ऐसे कलाकार शो से गायब हैं, जो पहले सीजन का अहम हिस्सा थे 'क्योंकि सास...' के नए सीजन में सुधा शिवपुरी नहीं दिख रही हैं। पहले सीजन में उन्होंने बा का किरदार निभाया था। इस शो में बा विरानी परिवार की सबसे बुजुर्ग महिला थीं, वह तुलसी का हमेशा साथ देती थीं। पहले सीजन में ही उनकी मौत को दिखाया गया था। शो में तुलसी की सास सविता का किरदार अपरा मेहता ने निभाया था। वह भी नए सीजन का हिस्सा नहीं हैं, क्योंकि पुराने सीजन में उनकी मौत को दिखाया गया था। 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' में तुलसी के बड़े बेटे गौतम का किरदार सुमित सचदेव ने निभाया था, लेकिन वह शो के नए सीजन में नजर नहीं आ रहे हैं।



# विजय की 'किंगडम' ने कमाई में पछाड़ा कुबेर और ठग लाइफ को

**मुंबई।** काफी समय से विजय देवरकोंडा फिल्म 'किंगडम' को लेकर चर्चा में हैं। उनकी यह फिल्म 31 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है, जिसका हिंदी नाम 'साम्राज्य' है। फिल्म को समीक्षकों की तरफ से हरी झंडी मिली, वहीं दर्शक भी विजय के एक्शन की जमकर तारीफ कर रहे हैं। 'सैयारा' के तूफान के बीच 'किंगडम' ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। आइए जानें फिल्म के खाते में पहले दिन कितने करोड़ रुपये आए।

***पहले दिन फिल्म ने छापे इतने नोट*** : बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, 'किंगडम' ने रिलीज के पहले दिन यानी गुरुवार को 15.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया। हालांकि, ये शुरुआती आंकड़े हैं और आधिकारिक आंकड़े सामने आने के बाद उनमें थोड़ा बहुत फेरबदल हो सकता है। वीकेंड पर फिल्म की कमाई में और उछाल देखने को मिल सकता है। 'किंगडम' ने धनुष की 'कुबेर' (14.75 करोड़) और कमल हासन की 'ठग लाइफ' (15.5 करोड़) के पहले दिन की कमाई को पीछे छोड़ दिया है।



### *'किंगडम' में नजर आ रहे ये कलाकार*

*'किंगडम' में विजय एक गुप्त मिशन पर निकले भारतीय जासूस 'सूरी' का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म में उनका दमदार एक्शन देखने लायक है। 'किंगडम' के निर्देशन की कमान गौतम तिन्नानुरी ने संभाली है, जिन्हें शाहिद कपूर और मृणाल ठाकुर की फिल्म 'जर्सी' (2022) के लिए जाना जाता है। फिल्म की कहानी भी गौतम ने ही लिखी है। इस स्पाई थ्रिलर फिल्म में सत्यदेव और भाग्यश्री बोरसे जैसे कलाकार भी नजर आ रहे हैं।*

# अजय देवगन की फिल्मों ने की जमकर कमाई, कई तो बुरी तरह पिटीं

**मुंबई।** अभिनेता अजय देवगन साल 2012 में आई अपनी फिल्म 'सन ऑफ सरदार' का सीक्वल लेकर दर्शकों के बीच हाजिर हो गए हैं। विजय कुमार अरोड़ा के निर्देशन में बनी यह फिल्म 1 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस कॉमेडी फिल्म को समीक्षकों के साथ-साथ दर्शकों की तरफ से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। आइए हम आपको अजय की सिनेमाघरों में आईं पिछली 5 फिल्मों और बॉक्स ऑफिस पर उनके प्रदर्शन के बारे में बताते हैं।

**'औरों में कहां दम था'**: शुरुआत करते हैं फिल्म 'औरों में कहां दम था' से, जिसका निर्देशन नीरज पांडे ने किया था। इसमें अजय की जोड़ी तब्बू के साथ बनी थी। जिमी शेरगिल और सई मांजरेकर ने भी इस फिल्म में अभिनय किया था। हालांकि, यह फिल्म दर्शकों की उम्मीदों पर खरी नहीं उतर पाई। 'औरों में कहां दम था' ने दुनियाभर में केवल 15.75 करोड़ रुपये कमाए थे, जबकि फिल्म का बजट 100 करोड़ रुपये था। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है।

**'सिंघम अगेन'** : इस फेहरिस्त में दूसरा नाम फिल्म 'सिंघम अगेन' है। इसमें अजय के अलावा अक्षय कुमार, रणवीर सिंह, टाइगर श्रॉफ, करीना कपूर, दीपिका पादुकोण, अर्जुन कपूर और जैकी श्रॉफ भी नजर आए थे। लंबी-चौड़ी स्टार कास्ट वाली इस फिल्म से काफी उम्मीदें थीं। हालांकि, यह बॉक्स ऑफिस पर औसत प्रदर्शन कर पाई। 350 करोड़ रुपये की लागत में बनी 'सिंघम अगेन' ने दुनियाभर में 372.4 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद है।




**'नाम'** : पिछले साल के अंत में अजय फिल्म 'नाम' लेकर आए थे। यह फिल्म अपने बनने के 10 साल बाद हुई थी। दरअसल, फिल्म की शूटिंग 2014 में पूरी हो गई थी, लेकिन निर्माता की मौत के चलते फिल्म 10 साल बाद रिलीज हुई। हालांकि, यह फिल्म कब आई और कब चली गई, किसी को पता भी नहीं चला। 'नाम' ने टिकट खिड़की पर सिर्फ 72 लाख रुपये कमाए थे। यह फिल्म अब तक किसी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर नहीं आई है।

**'आजाद'**: अजय की फिल्म 'आजाद' को 17 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। खास बात यह है कि इस फिल्म से अजय के भांजे अमन देवगन और रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने बॉलीवुड मे कदम रखा था। अभिषेक कपूर के निर्देशन में बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर मुंह के बल गिरी। 80 करोड़ की लागत में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में केवल 8 करोड़ रुपये कमाए थे। 'आजाद' ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।

**'रेड 2'**: पिछली बार अजय फिल्म 'रेड 2' में नजर आए थे, जो 1 मई, 2025 को रिलीज हुई। इस फिल्म का दर्शकों ने जमकर मनोरंजन किया। इसमें वाणी कपूर और रितेश देशमुख ने भी अहम भूमिका निभाई थी।

## इमोशनल और इंटेंस सीन गहराई से छू रहे हैं दर्शकों को

# 'धड़क 2': तृप्ति डिमरी और सिद्धांत चतुर्वेदी की जोड़ी ने मचाया धमाल

### लोगों को पसंद आई तृप्ति-सिद्धांत की जोड़ी

'धड़क 2' महज एक प्रेम कहानी नहीं है, बल्कि यह पहचान, आत्म-सम्मान, सामाजिक संघर्ष और प्यार की कीमत जैसे गहरे और संवेदनशील विषयों को भी छूती है। तृप्ति और सिद्धांत की जोड़ी को दर्शकों से जबरदस्त सराहना मिल रही है। दोनों के बीच की केमिस्ट्री लोगों का दिल जीत रही है। इस रोमांटिक ड्रामा में तृप्ति ने विधि और सिद्धांत ने नीलेश की भूमिका निभाई है। फिल्म में उनके इमोशनल और इंटेंस सीन दर्शकों को गहराई से छू रहे हैं।

### हकीकत दिखाती है यह फिल्म

'धड़क 2' की कहानी दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। एक यूजर ने लिखा, 'कुछ कहानियां दिल को छूती हैं और कुछ दिमाग को, मगर 'धड़क 2' दोनों को छूती है। जातिवाद का मुद्दा शहरों में भी देखने को मिलता है। यह फिल्म ईमानदारी से यह हकीकत बताती है।' एक यूजर फिल्म को 4 स्टार देते हुए लिखते हैं, 'तृप्ति डिमरी और सिद्धांत चतुर्वेदी की जोड़ी बेहद शानदार है। यह बेहतरीन फिल्म है। जरूर देखें।'

**मुंबई।** तृप्ति डिमरी और सिद्धांत चतुर्वेदी की फिल्म 'धड़क 2' का दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। यह रोमांटिक ड्रामा फिल्म 1 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस फिल्म को समीक्षकों की तरफ से हरी झंडी मिली, वहीं दर्शक भी इस फिल्म की कहानी और तृप्ति-सिद्धांत की अदाकारी की तारीफ कर रहे हैं।



### इस फिल्म की जान हैं तृप्ति

एक यूजर ने लिखा, 'सामाजिक मुद्दों पर बनी एक फिल्म में 2 खूबियां होनी चाहिए यानी कहानी कहने में साहस और अभिनय में ईमानदारी। धड़क 2 में ये दोनों खूबियां कूट-कूट कर भरी हैं। सब कुछ जमता है। अभिनय, संवाद, भावनात्मक गहराई, प्रतिशोध के प्रति गुस्सा और संदेश।' दूसरे लिखते हैं, 'तृप्ति फिल्म में सिर्फ अभिनय ही नहीं कर रही हैं, बल्कि वे विधि का भी रूप धारण कर रही हैं। यह उनका अब तक का सबसे बेहतरीन काम है।'

### 'धड़क 2' के बारे में जानिए

इस फिल्म के निर्देशन की कमान शाजिया इकबाल ने संभाली है, वहीं करण जौहर इस फिल्म के निर्माता हैं। राहुल बडवेलकर ने इस फिल्म की कहानी शाजिया के साथ मिलकर लिखी है। सिद्धांत और तृप्ति के अलावा इस फिल्म में आशीष चौधरी, विपिन शर्मा, मंजिरी पुपला, दीक्षा जोशी, अशवंत लोधी, अमित जाट, प्रियांक तिवारी, मयंक खन्ना और आदित्य ठाकरे जैसे कलाकार भी नजर आ रहे हैं। बता दें कि 'धड़क 2' साल 2018 में आई फिल्म 'धड़क' का सीक्वल है।

## खबर संक्षेप

### छात्राओं ने रैली निकालकर किया पौधों का वितरण



**लखनपुर/रजपुरीकला।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय रजपुरी कला में शनिवार को वृक्ष दान महा अभियान के तहत एक पेड़ मां के नाम रैली का आयोजन किया गया। रैली में छात्रावास की अधीक्षिका, शिक्षिकाएं तथा छात्राओं ने आसपास के स्कूलों एवं ग्रामीणों को पौधे उपलब्ध करा उनके रोपण व सुरक्षा के लिए जागरूक किया। अधीक्षिका श्रीमती अनुराधा सिंह के नेतृत्व में विगत दो वर्षों से यह कार्यक्रम आयोजित कर विद्यालय प्रांगण को हरा-भरा रखने के लिए प्रेरित किया जाता रहा है। अभियान के तहत इस बार ग्रामीणों को भी पौधे देकर एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण करने के लिए प्रेरित किया गया। आगामी 6 अगस्त को विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम के तहत छात्राओं, शिक्षकों, पालक और जनप्रतिनिधियों द्वारा वृहद वृक्षारोपण किया जाएगा। इस दौरान अधीक्षिका श्रीमती अनुराधा सिंह, श्रीमती दीप्ति वर्मा, श्रीमती छविलता महापात्र, श्रीमती रूपा चक्रधारी, श्रीमती मेरी ममता लकड़ा एवं छात्राएं उपस्थित थीं।

### अधिवक्ता सुनील की पुण्यतिथि पर वकीलों ने किया याद



**प्रतापपुर।** नगर के नागरिकों, व्यापारी वर्ग एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा क्षेत्र के वरिष्ठ अधिवक्ता व भाजपा नेता स्व. सुनील कुमार गुप्ता के प्रथम पुण्यतिथि पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर में इलाज करा रहे मरीजों को फल वितरण तथा ग्रामीण महिलाओं के नवजात शिशुओं को मच्छरदानी वितरण किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ग्रामीण क्षेत्र से आए महिलाओं का प्रसव होने के पश्चात उनके नवजात शिशुओं को मच्छरदानी की आवश्यकता होती है जिसे ध्यान में रखकर वितरण किया गया। स्व.सुनील गुप्ता के प्रथम पुण्यतिथि पर पुत्र अधिवक्ता विक्रमादित्य गुप्ता सहित नगर के वरिष्ठ जनों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान आनंद मित्तल, तोती मित्तल, मुकेश गर्ग, कैलाश सिंह, जुल्फेकार कादरी, विनोद जायसवाल, मृत्यंजय सिंह, विजेन्द्र कश्यप, राज किशोर गुप्ता, संतोष यादव, बबली धुर्वे, धरमसाय सिंह, सतन सिंह, विक्रम वर्मा, भूपेंद्र राजवाड़े अन्य उपस्थित थे।

## निधन

### श्रीमती सुलोचना देवी पोद्दार

**मनेन्द्रगढ़।** विवेकानंद चौक निवासी श्रीमती सुलोचना देवी पोद्दार पति स्व. केशव कुमार पोद्दार का अकास्मिक निधन रविवार को निज निवास मनेन्द्रगढ़ में हो गया है। स्व. पोद्दार की अंतिम यात्रा 4 अगस्त सोमवार को समय सुबह 9 बजे निज निवास स्थान लीलाकुंज विवेकानंद चौक मनेन्द्रगढ़ से आमाखेरवा मुक्तिधाम के लिए जाएगी।

## नीति आयोग से सिल्वर मैडल और प्रशंसा प्रमाण पत्र प्राप्त

# दूरस्थ क्षेत्रों में विकास की नई मिसाल बना बैकुंठपुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

कोरिया जिले का बैकुंठपुर ब्लॉक आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्टीय स्तर पर सम्मानित हुआ है। भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा आयोजित संपूर्णता अभियान में जुलाई से सितंबर 2024 के बीच पांच प्रमुख संकेतकों में शत-प्रतिशत संतृप्ति प्राप्त करने पर सिल्वर मैडल व प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। यह सम्मान जिला कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के नेतृत्व में स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा तथा सामाजिक विकास जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए दिया गया। शनिवार को राजधानी रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने यह पुरस्कार प्रदान किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों और विशेष पिछड़ी जनजातियों को विकास की सबसे अधिक आवश्यकता है। प्रधानमंत्री जनमन योजना व धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान जैसे कार्यक्रमों से देश के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंच रहा है। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और फ्रंटलाइन वर्कर्स की सराहना की। बैकुंठपुर ब्लॉक की ओर से यह सम्मान जिला कलेक्टर के प्रतिनिधि के रूप में जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने प्राप्त किया। गौरतलब है कि संपूर्णता अभियान के तहत छह संकेतकों में प्रदर्शन के आधार पर गोल्ड, पांच संकेतकों में प्रदर्शन के लिए सिल्वर, चार संकेतकों के लिए कांस्य और तीन संकेतकों के लिए ताम्र पदक प्रदान किए गए। बैकुंठपुर ने पांच संकेतकों में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर रजत पदक हासिल किया। समारोह में उप मुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल तथा विधायक सर्वश्री सुनील सोनी, मोतीलाल साहू और गुरू खुशवंत साहेब, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, योजना सचिव अंकित आनंद, नीति आयोग के सदस्य सचिव आशीष भट्ट, सदस्य के. सुब्रमण्यम और योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग की संचालक श्रीमती रोक्तिमा यादव सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री ने राजधानी में किया सम्मानित



सीएम के हाथो सम्मानित हुए जिला पंचायत सीईओ।

### योजनाओं को नई दिशा देने में सहायक सिद्ध होगी

कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि यह सम्मान न केवल गर्व का विषय है, बल्कि आगे की विकास योजनाओं को नई दिशा देने में सहायक सिद्ध होगा। हमारा लक्ष्य अगली बार सभी संकेतकों में गोल्ड मेडल हासिल करना है, इसके पूर्व 31 जुलाई को बैकुंठपुर में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में विधायक भईयालाल राजवाड़े की उपस्थिति में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं फ्रंटलाइन वर्कर्स को भी सम्मानित किया गया था।

# तुलसीदास व प्रेमचंद जयंती मनाकर दी महान साहित्यकारों को श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़



साहित्य जगत की दो महान विभूतियों गोस्वामी तुलसीदास और मुशी प्रेमचंद की जयंती पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिक्षा विभाग मनेन्द्रगढ़ में एक भव्य साहित्यिक आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने श्रद्धा, सम्मान और प्रेरणा के साथ इन दोनों महापुरूषों को स्मरण किया और उनके कृतित्व व व्यक्तित्व पर विस्तृत से चर्चा की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य सत्येन्द्र सिंह ने की। इस अवसर पर विशेष रूप से श्रीमती अर्चना वैष्णव, राजीव सोनी, टी. विजय गोपाल राव, रामरक्षा द्विवेदी, जसवंत डहरिया, श्रीमती अंजली सिंह एवं श्रीमती कंचन त्रिपाठी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन और सरस्वती वंदना से हुई। तत्पश्चात विद्यालय प्राचार्य सत्येन्द्र सिंह ने गोस्वामी तुलसीदास की साहित्यिक विरासत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तुलसीदास न केवल एक कवि थे, बल्कि भारतीय समाज की आध्यात्मिक चेतना के मार्गदर्शक भी थे। रामचरित मानस के माध्यम से उन्होंने धर्म, भक्ति, मर्यादा और नैतिकता को जन-जन तक पहुंचाया। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे तुलसीदास जैसे संत कवियों के आदर्शों को आत्मसात करें। वहीं व्याख्याता श्रीमती अर्चना वैष्णव ने मुंशी प्रेमचंद के यथार्थवादी साहित्य पर बोलते हुए कहा कि प्रेमचंद ने कलम से क्रांति की। उन्होंने किसानों, मजदूरों और आम जनजीवन की पीड़ा को शब्दों में ढालकर साहित्य को जनमुखी बनाया। गोदान, निर्मला जैसी रचनाएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं। छात्राओं द्वारा तुलसीदास जी की चौपाइयों का वाचन, प्रेमचंद की कहानियों पर लघुनाटिका और भजन प्रस्तुति ने माहौल को पूरी तरह भक्ति और प्रेरणा से भर दिया। शिक्षकों द्वारा दोनों साहित्यकारों की रचनाओं से प्रेरित संस्मरण भी साझा किए गए। टी. विजय गोपाल राव एवं रामरक्षा द्विवेदी ने कहा कि भविष्य के नागरिकों को तुलसी और प्रेमचंद जैसे चरित्र निर्माताओं से प्रेरणा लेनी चाहिए। वहीं राजीव सोनी और श्रीमती अंजली सिंह ने बच्चों से आग्रह किया कि वे साहित्य को केवल विषय न मानें, बल्कि जीवन-दर्शन केरूप में अपनाएं। अंत में प्राचार्य श्री सिंह द्वारा सभी प्रतिभागी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्टगान के साथ हुआ।

# विशेष उपलब्धि पर तत्कालीन सीईओ पन्ना समेत पांच सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

कोरिया जिले के फ्रंट लाइन वर्करों को उनके विशेष उपलब्धि पर सम्मान मिला। इनमें श्रीमती मंजू गुप्ता सहायक नर्स को गर्भवती माताओं को समय पर प्रसव पूर्व देखभाल एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्यो को करने, श्रीमती सोनामती कुशवाहा मितानिन हर्रापारा ग्राम पंचायत टेंगनी को अपने दिए दायित्वों को समय पर बखूबी करने, श्रीमती फूलमती आंगनबाड़ी कार्यकर्ता केन्द्र बेसरझरिया को आंबा केन्द्र निर्धारित समय पर संचालित करने बच्चों को शाला पूर्व अनौपचारिक शिक्षा देने समय से सभी पंजीकृत महिलाओं को पोषण आहार देने, एलेक्जेंडर पन्ना तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बैकुंठपुर को संपूर्ण स्वच्छता अभियान के सूचकांकों को ब्लाक स्तर पर सुचारू संचालन क्रियान्वयन के लिए,डॉ.इरशाद खान एबीपीफेलो जनपद पंचायत बैकुंठपुर को आकांक्षी कार्यक्रम के अंतर्गत संपूर्णता के सूचकांकों को शत-प्रतिशत संतुष्टि प्राप्त कराने के लिए के लिए पुरूस्कृत किया गया।



सम्मानित हुए तात्कालीन सीईओ।

# स्काउट्स एवं गाइड्स ने सैनिक भाइयों के लिए भेजी राखियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



रक्षाबंधन के अवसर पर भारत स्काउट एवं गाइड द्वारा एक राखी सैनिक भाइयों के नाम अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत भारत स्काउट्स एवं गाइड जिला संघ द्वारा डीईओ व पदेन कमिश्नर दिनेश कुमार झा के नेतृत्व में जिला मुख्य आयुक्त तेजेंदर सिंह बग्गा के नेतृत्व में मुहिम चलाया गया।

सरगुजा की गाइड्स बहनों व स्काउट्स द्वारा अपने हाथों से राखियां तैयार की गई। ब्लाक स्तर पर प्रतियोगिता के रूप में रंग बिरंगी राखियां बनाई गई और 3 हजार नग राखियां एकत्रित की गई। स्वनिर्मित राखियों को जिला शिक्षा अधिकारी के सुपुर्द किया गया। जिला मुख्य आयुक्त ने बताया की एक राखी सैनिक भाइयों के नाम की मुहिम पूरे प्रदेश स्तर पर राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव की पहल है जिससे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तर पर लगभग 40 से 50 हजार राखियां राज्य मुख्यालय के माध्यम से हमारे देश के बॉर्डर पर तैनात आर्मी जवानों के लिए रखा बंधन के पूर्व भेजी जाएंगी। जिला शिक्षा अधिकारी सरगुजा ने बताया कि ज़िले के विभिन्न विद्यालयों के स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा 3000 नग राखियां एकत्रित की गई है।

# जागरूकता बढ़ाने एसएसपी ने निकाली साईकिल रैली



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नशे के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए पुलिस ने स्कूली छात्रों के साथशनिवार को साईकल रैली निकालकर नागरिकों को जिंदगी को हां और नशे को ना कहने का प्रभावी संदेश दियावर्तमान में युवा वर्ग में नशे की बढती प्रवृत्ति को कम करने एवं नशे के कारण होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता लाने पुलिस द्वारा समय समय पर विभिन्न कार्यक्रम व अभियान चलाकर लगातार आमजन को जागरुक करने का प्रयास किया जा रहा है।

शनिवार को सुरजपुर एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने नशे के विरूद्ध जन जागरूकता अभियान नवजीवन के तहत नगर में स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल एवं राजकुमार स्कूल के छात्रों, शिक्षकों एवं नागरिकों के साथ नगर में साईकल रैली निकालकर आमजन को नशे के प्रति जागरुक किया रैली में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर नशे से दूर रहने का संदेश दिया हैएसएसपी प्रशांत सिंह ठाकुर ने स्टूडेंट्स के बीच जाकर उन्हें नशे के दुष्परिणाम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि नशा किस प्रकार हमारे शरीर के साथ ही हमारे मानसिक,आर्थिक एवं पारिवारिक जीवन को खराब कर देता है। नशे से केवल एक व्यक्ति का ही नहीं बल्कि उसके परिवार व समाज का भी नुकसान होता है तथा जीवन अंधकार में डूब जाता हैइससे बचकर रहें और अपने परिचितों को भी इससे बचाएं।

# चेम्बर ऑफ कॉमर्स मनेन्द्रगढ़ की कार्यकारिणी घोषित

**मनेन्द्रगढ़।** छग चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के जिला एमसीबी की कार्यकारिणी की घोषणा जिलाध्यक्ष मनीष अग्रवाल के द्वारा की गई।

इसमें संरक्षक मंडल रतनलाल अग्रवाल, दीनदयाल पंसारी, रामदास ताम्रकार, ज्ञानचंद जैन, सुदर्शन अग्रवाल, रमेश सिंह, सुंदरलाल दुग्गल, अमरचंद जैन, बाबूलाल अग्रवाल, पवन फरमानिया, किशन अग्रवाल, स. गुरूवचन सिंह चावला, स. दीदार सिंह, ओमप्रकाश कक्कड़, कौशल अरोड़ा, विजय नारायण जायसवाल, पुरूषोत्तम गुप्ता, शेख हकीमुद्दीन बोहरा, विष्णु सर्राफ, भागवत केशरवानी, छगनलाल अग्रवाल, कैलाश तोदी, अशोक केशरवानी, नारायण रोचलानी, रामनारायण अग्रवाल, स्वरूप अग्रवाल, राजेन्द्र चोपड़ा, वलीउल्लाह, ओम प्रकाश अग्रवाल (चिरमिरी) परमानंद जायसवाल खड़गवां शामिल किए गए हैं। इसीक्रम में परामर्श मंडल में हनुमानमल सुराना, सुरेश पुरी, सतीश इलाहाबादी, अमर अग्रवाल, राजेश जायसवाल, निरंजन मित्तल, शिव पोद्दार, सुरेन्द्र मखीजा, बलबीर अरोड़ा, रामबाबू अग्रवाल, पूनमचंद अग्रवाल, कांती रामपुरिया, अजय गायकवाड़, समसुद्दीन सोना, रामू पढ़ियार, नीरज अग्रवाल (इले.) संजय केशरवानी (हजारी होटल), हरीश ललवानी, हाफिज फिरोज, प्रमोद अग्रवाल (मेडि.) पदम सिंघल, एनुअल हक, अशोक विश्वकर्मा (बनारसी), विजय सेठिया प्रमुख है। संयोजक एवं चेयरमैन अनुसाशन समिति राकेश अग्रवाल, चेयरमैन- मनोहरलाल खोड़ियार, वाइस चेयरमैन जयचंद बोथरा, कार्यकारी अध्यक्ष - गणेश सोनी, राजेश अग्रवाल, मंसूर मेमन, राकेश मित्तल (चिरमिरी) जिला महामंत्री विनय अग्रवाल, जिला कोषाध्यक्ष प्रदीप जैन, सहकोषाध्यक्ष, मृदुल खोडियार जिला उपाध्यक्ष अनिल सोनावत, रितेश जैन, निरंजन अग्रवाल, अरूण वर्मा, कोमल साहू, कृष्णकांत ताम्रकार, संजय सिंह (डब्लू) जिला मंत्री सुधांशु श्रीवास्तव, सुमित अग्रवाल, सौरभ ताम्रकार, शारदा अग्रवाल (पप्पू), दीपक गुप्ता, प्रितेश जायसवाल, आशीष जैन (टूटू) जीएसटी (संयोजक) कनक कातेला, (कोआर्डिनेटर) निखिल अग्रवाल, अमन ताम्रकार, सीएसईबी (संयोजक) जसपाल कालरा, (कोआर्डिनेटर) गोविन्द वर्मा, रवि जैन, बैंकिंग (संयोजक) विवेक जायसवाल, कोआर्डिनेटर अरविंद सर्राफ, पलाश अग्रवाल, फूड - संयोजक राजू कक्कड़, कोआर्डिनेटर प्रवीण जैन, मुकेश अग्रवाल, मंडी - संयोजक आनंद बोथरा, कोआर्डिनेटर अंकित अग्रवाल, राजू कातेला, पुलिस संयोजक अपूर्व कर, कोआर्डिनेटर सभाजीत यादव, सुमित जायसवाल, गुमास्ता एवं नाप-तौल संयोजक जितेश चावड़ा, कोआर्डिनेटर अभिषेक अग्रवाल (चीकू), नीरज अग्रवाल, स्वास्थ्य विभाग संयोजक राजेश गोयल, कोआर्डिनेटर आशीष कक्कड़, सुरेन्द्र प्रताप सिंह, गल्ला किराना, उपाध्यक्ष चंद्रशेखर अग्रवाल, मंत्री प्रशांत अग्रवाल आदि शामिल है।

# कृषक संगोष्ठी में किया गया पीएम के कार्यक्रम का प्रसारण




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

पीएम किसान सम्मान निधि के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसानों के खाते में सीधे राशि हस्तांतरण के अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र मैनपाट सीतापुर में वृहद कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिपं सदस्य शिवभरोष बेक ने पीएम किसान सम्मान योजना से लाभान्वित होने वाले किसानों को शुभकामनाएं दी।उन्होंने किसानों से जलवायु अनुकूल प्राकृतिक खेती अपनाने एवं कृषि विज्ञान केंद्र से जुड़कर वैज्ञानिक आधार पर खेती करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि खेतों में रसायनिक खाद की जगह जैविक खाद का उपयोग समय की जरूरत है। एसडीओ कृषि अनिता एक्का ने किसानों को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने और तकनीकी जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान पीएम के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ. एस एस टुटेजा, जनपद सदस्य एवं अध्यक्ष कृषि स्थायी समिति साधना अग्रवाल, सरपंच चलता गुन्नुराम, उपसरपंच सुनील अग्रवाल, जनपद सदस्य महेश मिंज सहित अन्य मौजूद थे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### पुलिस बनकर दो...

वाहन में सवार दो आरोपियों की पहचान हुई है। इसमें जाहिद खान पिता सरफुद्दीन उम्र 35 वर्ष, प्रकाश सिंह गोंड, पिता बिंदु सिंह गोंड उम्र 31 वर्ष दोनों निवासी न्यू लेदरी, झगराखाड़, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के हैं। पुलिस ने आरोपियों को थाना बांगों पुलिस के सुपुर्द कर दिया, जहां उनके विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 308 (2)के तहत अपराध दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### न्यायालय परिसर की...

चुकी बाउंड्री वॉल को जल्द से जल्द हटाया जाए, नाली की सफाई कर बहाव बहाल किया जाए, सड़क पर जमा गंदगी को हटाकर नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, अग्रसेन भवन के सामने जलभराव की स्थिति का स्थायी समाधान निकाला जाए। स्थानीय लोगों ने चेताया कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो स्थिति और भयावह हो सकती है और बीमारियां फैलने का खतरा भी बढ़ सकता है।

### जनकपुर में कोरेक्स...

ही क्षेत्र में मेडिकल दुकानों की जांच की जाएगी, जो भी दुकान बिना अनुमति और नियमों का उल्लंघन करते हुए कोरेक्स बेच रही है, उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। विशेषज्ञों के अनुसार कोरेक्स में मौजूद कोडीन, मस्तिष्क को धीमा कर अस्थायी सुख का अहसास देता है, लेकिन इसकी लत से मानसिक विकृति, याददाश्त की कमजोरी, लीवर और किडनी फेलियर जैसी गंभीर बीमारियां हो सकती हैं।

# पीएम किसान सम्मान निधि की राशि जारी कार्यक्रम में दी गई योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं राशि का हस्तांतरण किया गया। पीएम सम्मान निधि को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम में किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र जायसवाल ने बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि भारत सरकार की एक केन्द्रीय योजना है जो किसानों के हित में सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से 1 दिसम्बर 2018 को शुरू की गई थी। प्रधान मंत्री द्वारा 20 वीं किस्त राशि हस्तानांतरण के उपलक्ष्य में 9.70 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को 20 करोड़ से अधिक धन राशि 2000 रुपए किस्त के रूप में कृषकों के बैंक खाते में ट्रान्सफर की गई है I उन्होंने बताया कि सरगुजा जिले के 90834 कृषकों के खातों में कुल 19.50 करोड़ का हस्तानांतरण किया गया है। भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी ने आह्वान किया गया कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृव में चलाये जा रहे योजनाओं का भरपूर लाभ लेवें ताकि 2047 में हमने जो विकसित भारत की परिकल्पना की है वो पूरा हो सके। भाजपा मंडल उपाध्यक्ष यतेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार किसानों को हर तरीके से लाभ पहुचने हेतु प्रतिबद्ध है। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी कृषि एम्ब्रोस टोप्पो, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विनायक पाण्डेय, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सत्तर साय पैंकरा, कमल सिंह पोर्ते, गोपीचंद धृतलहरे, भीष्म सिंह पैंकरा, बृजलाल पैंकरा, देवेंद्र कुमारी सिंह, संजय प्रधान मौजूद रहे।

